# सीएम ने नर्मदा अमृत खाद मॉडल की सराहना की

▸ नर्मदा अमृत परियोजना से किसानों को मिला लाभ

**सिवनी मालवा 08 जून. सिवनी मालवा नगर पालिका परिषद द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों को प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण पहचान मिली है. नगर पालिका द्वारा विकसित 'नर्मदा अमृत' जैविक खाद मॉडल का चयन राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के लिए किया गया, जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मॉडल का अवलोकन कर इसकी सराहना की.**



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सभागृह में आयोजित प्रदर्शनी में नगर पालिका सिवनी मालवा ने अपने 'नर्मदा अमृत' जैविक खाद मॉडल का प्रदर्शन किया. प्रदर्शनी के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मॉडल की कार्यप्रणाली एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा पर्यावरण संरक्षण एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों को प्रेरणादायी बताया. नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत नगर के सभी 15 वार्डों में घर-घर कचरा संग्रहण, पृथक्करण एवं परिवहन की व्यवस्था संचालित की जा रही है. एकत्रित गीले कचरे का दमाड़िया स्थित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र में वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण कर जैविक खाद तैयार की जाती है. इस खाद को 'नर्मदा अमृत' ब्रांड नाम से किसानों को मात्र 5 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है. इसके अलावा नगर के पार्कों एवं पौधारोपण कार्यक्रमों में भी इसी खाद का उपयोग किया जा रहा है. नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन ने मुख्यमंत्री को मॉडल की विस्तृत जानकारी दी. साथ ही प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत कपड़े से बने झोले एवं नगर में किए जा रहे विकास कार्यों से संबंधित ब्रोशर भी भेंट किए गए. नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन ने कहा कि प्रदेश स्तर पर 'नर्मदा अमृत' जैविक खाद मॉडल का चयन होना पूरे नगर के लिए गौरव का विषय है. मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमर सिंह उइके ने बताया कि नगर पालिका द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुरूप जैविक खाद तैयार कर किसानों को न्यूनतम दर पर उपलब्ध कराई जा रही है.

# गड्ढे से दुर्घटना की आशंका

▸ भीलटदेव पुल पर हो गया है बड़ा गड्ढा

**सिवनी मालवा 08 जून. सिवनी मालवा-धर्मकुंडी मुख्य मार्ग पर स्थित भीलटदेव के पास पुल पर बने बड़े गड्ढे ने वाहन चालकों और राहगीरों की चिंता बढ़ा दी है। सड़क का हिस्सा धंसने से पुल पर दुर्घटना का खतरा लगातार बढ़ रहा है, लेकिन अब तक संबंधित विभाग द्वारा समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।**



नर्मदापुरम-हरदा मुख्य मार्ग पर भीलटदेव के समीप पुल के एक हिस्से में सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। पुल के किनारे मिट्टी धंसने से बड़ा गड्ढा बन गया है, जो दिन-ब-दिन और गहरा होता जा रहा है। सड़क के दोनों ओर साइड सोल्डर भी नहीं भरे गए हैं, जिससे वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल के पास पाइपलाइन क्षेत्र की मिट्टी लगातार खिसक रही है। यह मार्ग क्षेत्र का प्रमुख संपर्क मार्ग होने के कारण यहां दिन-रात ट्रक, ट्रैक्टर, कार, बस और दोपहिया वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है. ग्रामीणों एवं राहगीरों ने बताया कि रात के समय गड्ढा स्पष्ट दिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है. कई दोपहिया वाहन चालक यहां दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बच चुके हैं. इसके बावजूद अब तक न तो बैरिकेडिंग की गई है और न ही चेतावनी संकेतक लगाए गए हैं.यह मार्ग किसानों के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है. प्रतिदिन सैकड़ों किसान अपनी कृषि उपज लेकर इसी रास्ते से मंडी पहुंचते हैं.

## एक नजर में

### बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर आज कार्यक्रम



**इटारसी, 08 जून.** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर कल 9 जून को शहर में एक विशेष श्रद्धांजलि सभा और गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. इस दौरान समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा उन्हें सादर नमन कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी. यह आयोजन मध्यप्रदेश आदिवासी युवा संघ के तत्वावधान में पुरानी इटारसी क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें संपूर्ण आदिवासी समाज और विभिन्न सामाजिक संगठनों की सहभागिता रहेगी.

कार्यक्रम 9 जून, मंगलवार को प्रात: 11 बजे से रानी दुर्गावती नगर, पुरानी इटारसी, वार्ड क्रमांक 03 में होगा. आयोजन समिति के आकाश कुशराम ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. उन्होंने क्षेत्र की समस्त मातृशक्ति, पितृशक्ति, युवा शक्ति के साथ-साथ सभी सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और प्रबुद्ध जनों से इस गौरवमयी आयोजन में सादर उपस्थित होने की अपील की है, ताकि सामूहिक रूप से भगवान बिरसा मुंडा जी के योगदान का स्मरण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया जा सके.

### अज्ञात चोर घर से नकदी लेकर फरार

**नर्मदापुरम, 08 जून.** एसआरपी ग्रीन कॉलोनी, कुलामढ़ी रोड क्षेत्र में हुई इस चोरी की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं. फरियादी सौरभ शर्मा ने देहात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोर ने उनके घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अलमारी में रखे 20 हजार रुपये नकद सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज चुरा लिए. चोरी गए दस्तावेजों में मार्कशीट और जमीन की रजिस्ट्री जैसे जरूरी कागजात शामिल हैं, जिनके खोने से पीड़ित परिवार को भारी नुकसान हुआ है. घटना 5 और 6 जून की रात की बताई जा रही है, जब पूरा परिवार घर से बाहर था या सो रहा था. चोर ने मौके का फायदा उठाकर बेहद चालाकी से वारदात को अंजाम दिया और बिना किसी को भनक लगे फरार हो गया. घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और आसपास के लोग भी दहशत में आ गए. लोगों ने कॉलोनी में रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है. देहात थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की तलाश में जुटी है. अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी को चिन्हित कर गिरफ्तार किया जाएगा.

### युवा कांग्रेस का वार्ड-वार्ड चलो अभियान तेज




**इटारसी, 08 जून.** युवक कांग्रेस के वार्ड-वार्ड चलो अभियान में वार्ड 31 में नागरिकों ने शिकायत पत्र के माध्यम से कांग्रेसियों को समस्याओं की जानकारी सौंपी. युवा कांग्रेस के सदस्य पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मयूर जायसवाल के नेतृत्व में वार्ड वार्ड चलो अभियान चलाया जा रहा है. वार्ड 31 में आमजन से उनकी समस्या को जानते हुए उन्हें शिकायत पत्र के माध्यम से दर्ज किया एवं जनता से उनकी समस्याओं से रूबरू हुए. इस अवसर पर वार्ड में जगह-जगह गंदगी की समस्या प्रमुख रही. इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोल्डी बैस, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव प्रतीक मालवीय, पूर्व पार्षद नीलेश मालोनिया, बाजार क्षेत्र मंडलम अध्यक्ष हरीश अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल वीरू, आजाद ठाकुर, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मयंक चौरे, प्रणीत मिश्रा, उत्सव दुबे, हिमांशु बाबू अग्रवाल, युवराज चौधरी, शंकर रसाल, सुमित तुरानी, समीर परते, मोहित प्रधान, नेहाल ठाकुर, विक्रांत बड़कुल आदि उपस्थित थे.

# संस्कार केंद्रों से राष्ट्र निर्माण पर बल

▸ किशोरी विकास पर हुआ विशेष मार्गदर्शन सत्र

**इटारसी, 08 जून. सेवा भारती नर्मदापुरम द्वारा धुरपन इटारसी स्थित सेवा भारती बालिका छात्रावास में एकदिवसीय कार्यकर्ता विकास वर्ग का आयोजन किया गया. यह शिविर कार्यकर्ताओं में सेवा भाव को सुदृढ़ करने और भावी सेवा कार्यों की रूपरेखा तय करने के उद्देश्य से आयोजित था. शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया.**



मुख्य अतिथि सेवा प्रमुख ओमप्रकाश सिसोदिया उपस्थित रहे. विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्य भारत प्रांत की उपाध्यक्ष नेहा सीठा, जिला अध्यक्ष सतीश अग्रवाल और जिला उपाध्यक्ष निकुंज गुरु मंचासीन रहे. बैठक में जिला व नगर समिति के पदाधिकारी, विभिन्न आयामों के प्रमुख, संस्कार केंद्रों की शिक्षिकाएं, आरोग्य मित्र और संस्थान की पूर्व छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं.

प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ओमप्रकाश सिसोदिया ने संस्कार केंद्रों के संचालन और उनकी महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने कहा संस्कार केंद्रों के माध्यम से हमारी नई पीढ़ी को संस्कारित और देशभक्त बनाना ही असली राष्ट्र निर्माण है. सेवा भारती का कार्य पूरी तरह ईश्वरीय कार्य है, जिसे हमें पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संकल्प के साथ आगे बढ़ाना है. उन्होंने केंद्रों से जुड़ी बहनों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे बस्तियों में किशोरी विकास केंद्र, भजन मंडली और स्वसहायता समूहों का गठन कर साप्ताहिक बैठकें आयोजित करें, ताकि हमारे सेवा क्षेत्र और बस्तियां संगठित, संस्कारित तथा स्वावलंबी बन सकें. साथ ही उन्होंने पूर्व छात्राओं से भी अपील की कि वे शिक्षा या करियर के लिए जहां भी रहें, सेवा भारती के सेवाभावी विचारों को अपने जीवन में जरूर उतारें. द्वितीय सत्र में प्रांत उपाध्यक्ष नेहा सीठा ने किशोरी विकास आयाम पर विशेष चर्चा की. उन्होंने कहा कि किशोरियों को शारीरिक व मानसिक बदलावों और अच्छे-बुरे विषयों पर अपने माता-पिता से खुलकर संवाद करना चाहिए, जिससे उनका सही मार्गदर्शन हो सके. सभी आगंतुकों और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष सतीश सवारिया ने किया.

# पुराने खंडहर से मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

▸ 2.6 किलो गांजा सहित आरोपी दबोचा गया

**इटारसी, 08 जून. पथरौटा पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सफलता हासिल की है. पुलिस ने ऑर्डिनेंस फैक्ट्री क्षेत्र के पुराने खंडहर आवास के पास से एक युवक को अवैध गांजे और पल्सर बाइक के साथ गिरफ्तार किया है.**



पथरौटा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक मोनिका गौर से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम ने ऑर्डिनेंस फैक्ट्री इटारसी के पुराने खंडहर क्वाटर ब्लॉक नंबर 27 पर घेराबंदी कर दबिश दी. वहां पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में खड़े एक युवक को दबोचा. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुनील 28 वर्ष, पिता सूरज मस्कोले, निवासी बटकुई थाना तवानगर, जिला नर्मदापुरम बताया. पुलिस ने आरोपी के पास से 2 किलो 600 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है, जिसकी बाजार में कुल कीमत करीब 30,000 रुपये है. इसके साथ ही तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक पुरानी पल्सर मोटरसाइकिल कीमत करीब 50,000 रुपये भी पुलिस ने जब्त की है.

# भव्य नाट्य में दिखेगा डॉ. हेडगेवार का जीवन



▸ बानापुरा में नाट्य आयोजन को लेकर उत्साह

**सिवनी मालवा 08 जून. सिवनी मालवा की उपनगरी बानापुरा में पहली बार एक भव्य महानाट्य का आयोजन होने जा रहा है. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार के जीवन पर आधारित इस महानाट्य का मंचन 21 जून को किया जाएगा. यह आयोजन संघ के शताब्दी वर्ष तथा राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है.**

बानापुरा कुसुम महाविद्यालय सभागार में आयोजित होने वाले इस विशेष कार्यक्रम में भोपाल एवं मुंबई से आए कलाकार डॉ. हेडगेवार के जीवन, राष्ट्रसेवा, संगठन निर्माण तथा उनके प्रेरणादायी व्यक्तित्व को मंच के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत करेंगे. आयोजन की तैयारियों के तहत विश्राम गृह बानापुरा में महानाट्य के पोस्टर का विमोचन किया गया. महानाट्य के निर्माता सचिन मलैया ने बताया कि नाटक का शीर्षक 'डॉक्टर हेडगेवार - एक व्यक्ति, एक विचार, एक युग' रखा गया है. इसका मंचन जन सेवा शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संस्था, भोपाल तथा मुंबई के कलाकारों द्वारा किया जाएगा. नाटक का लेखन एवं निर्देशन गुलशन कुमार कावड़े ने किया है. ". नाटक के लेखक एवं निर्देशक गुलशन कुमार कावड़े ने कहा कि डॉ. हेडगेवार के जीवन पर आधारित नाटक का लेखन और निर्देशन करना उनके लिए गर्व का विषय रहा है. यह नाटक बल्कि राष्ट्रभावना, त्याग, समर्पण और संगठन निर्माण की प्रेरक गाथा है.

### 11 जून को लगेगा रोजगार मेला

**नर्मदापुरम, 08 जून.** नर्मदापुरम में जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला 11 जून को आयोजित किया जाएगा. यह आयोजन शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय परिसर में किया जाएगा, जिसमें जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों एवं स्वरोजगार योजनाओं से जोड़ने का अवसर मिलेगा.

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार मेले की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आयोजन में किसी भी प्रकार की कमी न रहे और अधिक से अधिक युवाओं को इसका लाभ मिल सके.

# बिजली कटौती के खिलाफ प्रदर्शन

▸ स्मार्ट मीटर बिल बढ़ने पर ग्रामीण भड़के

**सिराली, 08 जून. बिजली कंपनी द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर,बढ़े हुए बिजली बिल,बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने सोमवार को जिले की सिराली तहसील में बिजली कंपनी के कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया ग्रामीणों ने जेई को हटाने की भी मांग की.प्रदर्शन के दौरान पूरे गांव के लोग एकत्रित हो गए,उन्होंने रैली निकालकर विरोध किया.**



फुटकर व्यापारी संघ के असलम खान ने कहा कि स्मार्ट मीटर जबरन लगाए जा रहे है.स्मार्ट मीटर से बिजली का बिल भी अधिक आ रहा है.उन्होंने जेई योगेश गौर के व्यवहार को लेकर कहा कि जेई ग्रामीणों से अच्छा व्यवहार नहीं करते है,उन्होंने उनको यहां से हटाने की मांग की.ग्रामीणों ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने से बिजली का बिल तो अधिक आ रहा है,वहीं प्रीपेड स्मार्ट मीटर के कारण बिजली प्रदाय बंद भी बंद होने का डर रहता है.बिजली बिल में अनुदान राशि को लेकर भी ग्रामीणों ने कहा कि गरीबों से बिजली कंपनी अनुदान राशि ली जा रही है.जेई योगेश गौर ने कहा कि सिराली में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है,वहीं अधिकांश घरों में स्मार्ट मीटर लग चुके है.ग्रामीणों ने स्मार्ट मीटर को नहीं लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन भी दिया है.

# जर्जर केबल और ट्रिपिंग से परेशान हैं लोग

▸ रहवासियों ने विद्युत कंपनी को सौंपा ज्ञापन

**इटारसी, 08 जून. कावेरी स्टेट कॉलोनी में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है. कॉलोनी के लोगों ने बताया कि करीब 20 साल पुरानी केबल आज भी उपयोग में है, जो अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है.**



आए दिन फॉल्ट, ट्रिपिंग और बिजली आपूर्ति बाधित होना आम बात हो गई है. इसके अलावा तीन पुराने ट्रांसफार्मर भी लगातार ओवरलोड की समस्या झेल रहे हैं, जिससे लो-वोल्टेज की स्थिति बनी रहती है.रहवासियों ने यह भी बताया कि दुर्गा मंदिर के पीछे लगी डीपी पिछले 5-6 वर्षों से बंद पड़ी है. वर्ष 2019 में बेहतर क्षमता वाली डीपी को हटाकर कहीं और लगा दिया गया था और उसकी जगह खराब डीपी लगा दी गई, जो आज तक बंद अवस्था में है. इन समस्याओं को लेकर सोमवार को कॉलोनी के नागरिक एकजुट होकर विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय पहुंचे. उन्होंने महाप्रबंधक के नाम संबोधित ज्ञापन एआरओ रीना चौहान को सौंपा. ज्ञापन में 20 साल पुरानी केबल को बदलने, ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने की मांग की.

सुविधा ▸ 14 प्रकार की जांचें नि:शुल्क की जाएंगी

# हर ग्राम पंचायत में लगेगा जन स्वास्थ्य शिविर

**नर्मदापुरम, 08 जून. जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने एक अभिनव पहल करते हुए आरोग्यम नर्मदापुरम जन स्वास्थ्य सेवा का शुभारंभ किया है. कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बताया कि जिले की सभी 425 ग्राम पंचायतों में प्रत्येक बुधवार और शनिवार को जन स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे. इन शिविरों का संचालन जिले के 154 उप स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से किया जाएगा.**




कलेक्टर ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कर बीमारियों की समय रहते पहचान करना और प्रभावित व्यक्तियों को नि:शुल्क उपचार एवं दवाइयां उपलब्ध कराना है. शिविरों में सिकल सेल एनीमिया, हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, मलेरिया, टाइफाइड, डेंगू, एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी एवं सी सहित 14 प्रकार की जांचें नि:शुल्कका जाएंगी.

अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं, नवजात एवं पांच वर्ष तक के बच्चों, किशोर-किशोरियों तथा वृद्धजनों के स्वास्थ्य परीक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. कुपोषित बच्चों की जांच, टीकाकरण, उच्च रक्तचाप, मानसिक स्वास्थ्य, टीबी, कुष्ठ, मलेरिया, ओरल कैंसर और अंधत्व की स्क्रीनिंग भी की जाएगी. साथ ही आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी संबंधी सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी. राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने इस पहल की सराहना करते हुए नागरिकों से स्वास्थ्य शिविरों का लाभ उठाने की अपील की. उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज ही समृद्ध समाज की नींव है. जिला प्रशासन ने अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग और मरीजों के नियमित फॉलोअप की भी व्यवस्था की है.

# बारिश से पहले नाला सफाई अभियान तेज

**नर्मदापुरम, 08 जून. बारिश पूर्व नगर में नगरपालिका द्वारा चलाया जा रहा विशेष स्वच्छता अभियान तेज गति से जारी है. अभियान के तहत नगर के बड़े नाले नालियों की जेसीबी और पोकलेन मशीनों के साथ-साथ स्वच्छता दूतों की मदद से गहन सफाई की जा रही है.**



पिछले एक माह से चल रहे इस विशेष अभियान में अब तक कई स्थानो के नाले नालियों की सफाई पूरी कर ली गई है.साथ ही नालों पर किए गए पक्के और कच्चे अतिक्रमणों को भी हटाया जा रहा है, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से बचा जा सके. प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले और स्वच्छता शाखा प्रभारी दीक्षा तिवारी के निर्देश पर यह विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है. अभियान के तहत सोमवार को वार्ड क्रमांक 14 और वार्ड क्रमांक 17 में स्थित बड़े नालों की जेसीबी की सहायता से सफाई की गई. जहां मशीनें नहीं पहुँच सकीं, वहां स्वच्छता दूतों ने मोर्चा संभालते हुए सफाई कार्य पूरा किया. इसके साथ ही नालों पर किए गए अतिक्रमणों को हटाया गया और लोगों को समझाइश दी गई कि वे स्वयं अपने स्तर पर अतिक्रमण हटा लें. अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्रशासन द्वारा मशीनों से उन्हें हटाया जाएगा.

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार दिगेन्द्र सिंह राठौर आ. श्री विक्रम सिंह राठौर ने श्रीमती नीलमणी बाई पत्नी स्व. वीरेन्द्र तिवारी निवासी वार्ड कं.12 मंगलवारा बाजार माखननगर तह. माखननगर जिला नर्मदापुरम के स्वामित्व व आधिपत्य की बांके मौजा बाबई तह. माखननगर जिला नर्मदापुरम पटवारी हल्का नं.50 स्थित कृषि भूमि ख.नं. 35 रकबा 3.788 हे. भूमि में से 5 एकड भूमि जिसके पूर्व में सीमेंट रोड, पश्चिम में शासकीय गोहा, उत्तर में सांई माखन परिसर कालोनी, दक्षिण में विक्रेता की शेष भूमि स्थित है को कय करने का अनुबंध पत्र दिनांक 23.02.2026 को निष्पादित किया गया है।

अत: इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि किसी व्यक्ति अथवा शासकीय व गैर शासकीय संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति या अन्य कोई कर्जा अनुबंधशुदा संपत्ति के संबंध में हो तो वह समस्त दस्तावेज लेकर 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करावे उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी और मेरे पक्षकार उक्त वर्णित विकय अनुबंध के आधार पर रजिस्टर्ड विकय पत्र निष्पादित कराने के लिये स्वतंत्र रहेगें।

अत: सर्वसाधारण उपरोक्तानुसार सूचना जाने।

भवदीय
(कृष्णकांत पाराशर). अधिवक्ता